## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 28.08.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 के लिए शिक्षकों के नामों की घोषणा की, धनबाद की मुनमुन भट्टाचार्या को राष्ट्रपति पांच सितंबर को करेंगी सम्मानित।
- झारखंड हाईकोर्ट ने बोकारो से 2020 में लापता 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का सुराग नहीं मिलने पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का दिया आदेश।
- राज्य के अस्पतालों की प्रबंधन व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 125 हॉस्पिटल मैनेजरों की होगी नियुक्ति, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को किया जाएगा अपग्रेड।
- विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम में सावन पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, श्रावणी मेला का आज होगा विधिवत समापन।
- बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव से झारखंड में बारिश का दौर रहेगा जारी, मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश, तेज हवा और वज्रपात का जारी किया अलर्ट।

**********************

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 के लिए चयनित शिक्षकों के नामों की घोषणा कर दी है, इसमें झारखंड से धनबाद के मध्य विद्यालय बरमसिया की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मुनमुन भट्टाचार्या का चयन किया गया है। उन्हें पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सम्मानित करेंगी। इस अवसर पर मुनमुन भट्टाचार्या ने बताया कि वे आगे भी बच्चों की शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगी।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने बोकारो से 2020 में लापता हुई 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का अब तक सुराग नहीं मिलने पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। अदालत ने इस मामले में सीबीआई को तत्काल जांच अपने हाथों में लेने और सीआईडी से पूरा केस रिकॉर्ड प्राप्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी– सीबीआई के निदेशक को जांच की नियमित समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट कोर्ट में सौंपने को कहा।

**********************

राज्य सरकार की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा की नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के आदेश को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में 31 अगस्त को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट में कल सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से इस याचिका पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया गया, जिसके बाद चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 31 अगस्त निर्धारित की।

**********************

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के सदर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। श्री सिंह ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 125 हॉस्पिटल मैनेजरों की नियुक्ति की जायेगी, जिसमें प्रत्येक जिले को दो हॉस्पिटल मैनेजर दिये जाएंगे। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड किया जाएगा। हॉस्पिटल मैनेजर चौबीसो घंटे–सातों दिन अस्पताल प्रबंधन व्यवस्था की निगरानी करेंगे और अस्पतालों के उन्नयन की दिशा पर कार्य करेंगे।

**********************

जामताड़ा जिले के झिलुआ स्थित आईआरबी–1 में पदस्थापित डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह का कल रात निधन हो गया। जानकारी के अनुसार किचन में काम करने के दौरान वे अचानक गिरकर बेहोश हो गये थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे 1994 के बैच के पुलिस अधिकारी थे। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद उनकी मौत के सही कारण का पता चलेगा।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
**********************

भाई–बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन आज देशभर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने हर नागरिक से परिवार और समुदायों के बीच रिश्तों को मज़बूत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा बंधन पर बधाई देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह त्योहार सभी के जीवन में खुशहाली, समृद्धि और सफलता लेकर आए।

**********************

देवघर में सावन पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि कल स्पर्श पूजा शुरू हो जायेगी।
वहीं सावन पूर्णिमा पर दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भक्त कतारबद्ध होकर अरघा के माध्यम से बाबा फौजदारी नाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। इसी के साथ आज श्रावणी मेला का समापन हो जायेगा।

**********************

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो– सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने रांची स्थित गृह मंत्रालय के क्षेत्रीय वेतन एवं लेखा कार्यालय में तैनात तीन अधिकारियों को 48 हजार 400 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में वरिष्ठ लेखा अधिकारी संतोष कुमार महतो, सहायक लेखा अधिकारी सुनील कुमार और सहायक लेखा अधिकारी सुजीत कुमार सिंह शामिल हैं।

**********************

युवाओं और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम में खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद ढुलू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत खेल के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है।
वहीं आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने कहा कि आईआईटी आईएसएम हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास का समर्थक रहा है।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 49 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 48 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। कल से इसके सक्रिय होने की पूरी संभावना है। इससे झारखंड के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा। विभाग ने इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश के साथ–साथ तेज हवा चलने और वज्रपात होने की चेतावनी जारी की है।

***************